कृषि उन्नति मेला-2017

राष्ट्रीय खबर

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) 1972 से हर साल कृषि विज्ञान मेले का आयोजन कर किसानों और उपभोक्ताओं के बीच कृषि अनुसंधान और नवीनतम प्रौद्योगिकी के विकास की प्रगति को प्रदर्शित करता है।

- यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है जहां कृषक समुदाय से फीडबैक लिया जाता है।
- यह फीडबैक संस्थान को भविष्य की अनुसंधान रणनीति तय करने में मदद करता है। देश के हजारों किसान और आगंतुक प्रतिवर्ष इस मेले में भाग लेते हैं।
- इस वर्ष कृषि उन्नति मेला-2017 का आयोजन 15 से 17 मार्च तक नई दिल्ली के आईएआरआई परिसर में किया जा रहा है।
- आईसीएआर तथा कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय इसे संयुक्त रूप से आयोजित कर रहे हैं। मेले का उद्घाटन 15 मार्च, 2017 को केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री राधा मोहन सिंह द्वारा किया जायेगा।
- इस मेले में बड़ी संख्या में किसानों तथा अन्य आगंतुकों के भाग लेने की उम्मीद है।
- स्टॉलों की बुकिंग हेतु इस वर्ष आईसीएआर संस्थानों, एसएयू, केवीके, एटीएआरआई, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, निजी संस्थानों तथा किसानों को कृषि प्रौद्योगिकियों, उत्पादों तथा सेवाओं की प्रदर्शनी के लिए लगभग 8000 निमंत्रण पत्र भेजे गये हैं।

व्यवसायिक, सुरक्षा तथा स्वास्थ्य पर 'इंटरनेशनल विजन जीरो कांफ्रेंस'

राष्ट्रीय खबर

विजन जीरो और व्यावसायिक सुरक्षा तथा स्वास्थ्य के प्रति एक दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन 15 से 17 मार्च, 2017 को नई दिल्ली में किया जा रहा है।

- इसका आयोजन कारखाना सलाह सेवा और श्रम संस्थान महानिदेशालय (डीजीएफएएसएलआई), भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय और जर्मनी के जर्मन सोशल एक्सीडेंट इंश्योरेंस (डीजीयूवी) द्वारा इंटरनेशनल सोशल सिक्यूरिटी एसोसिएशन-मैन्यूफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन तथा माइनिंग के सहयोग से किया जा रहा है।
- 'विजन जीरो' की अवधारणा को अंतर्राष्ट्रीय स्वीकृति प्रदान है।

- भारत सरकार को उम्मीद है कि देश में व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य मानकों को बढ़ाने के लिए इससे स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार हो सकेगा।
- इस कांफ्रेंस में विभिन्न प्रकार के उद्योगों से संबंधित लोगों के भाग लेने की उम्मीद है।
- इस सम्मेलन में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोत्तम अभ्यासों के जरिये लोगों को अपने अनुभव साझा करने का मौका दिया जायेगा।
- दूसरी तरफ अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को भारत में व्यावसायिक सुरक्षा तथा स्वास्थ्य के स्तर को मूल्यांकित करने का मौका मिलेगा।
- यह कांफ्रेंस ज्ञान, अभ्यास तथा अनुभव का आदान-प्रदान करके कार्य के दौरान सुरक्षा और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करेगी।
- व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र के विशेषज्ञ संबंधों और आपसी हितों को मजबूत बनाने के लिए एक मजबूत नेटवर्क का निर्माण करते हैं।
- इस कांफ्रेंस में 1200 से अधिक राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें विनिर्माण, खनन तथा निर्माण क्षेत्र से संबंधित और स्वास्थ्य पेशेवर शामिल हैं।
- कांफ्रेंस के दौरान जर्मनी, फ्रांस, चिली तथा कई यूरोपीय देशों के अंतर्राष्ट्रीय वक्ता अपना संबोधन देंगे।
- भारत की तरफ से ओएसएच क्षेत्र में शीर्ष ओएसएच अधिकारी और पेशेवर, सरकारी अधिकारी तथा विशेषज्ञ प्रमुख वक्ता होंगे।

अंतर्राज्यीय नदी जल विवाद (संशोधन) विधेयक 2017 लोक सभा में पेश

केंद्रीय जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्री सुश्री उमा भारती ने आज लोक सभा में अंतर्राज्यीय नदी जल विवाद (संशोधन) विधेयक 2017 पेश किया।

- विधेयक को पेश करते हुए सुश्री भारती ने कहा कि अंतर्राज्यीय नदी जल विवादों के निपटारे के लिए एक 'क्रांतिकारी पहल' है।
- सुश्री भारती ने विधेयक की मुख्य विशेषताओं का जिक्र करते हुए कहा कि इस विधेयक में अंतर्राज्यीय जल विवाद निपटारों के लिए अलग अलग अधिकरणों की जगह एक स्थायी अधिकरण (विभिन्न पीठों के साथ) की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है जिसमें एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और अधिकतम छह सदस्य तक होंगे। अध्यक्ष के कार्यकाल की अवधि पांच वर्ष अथवा उनके 70 वर्ष की आयु होने तक होगी।
- अधिकरण के उपाध्यक्ष के कार्यकाल की अवधि तथा अन्य सदस्यों का कार्यकाल जल विवादों के निर्णय के साथ सह-समाप्ति आधार पर होगा।

राष्ट्रीय खबर

- यह भी प्रस्ताव है कि अधिकरण को तकनीकी सहायता देने के लिए आकलनकर्ताओं की नियुक्ति की जाएगी जाएगा, जो केन्द्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा में सेवा में सेवारत विशेषज्ञों में से होंगे और जिनका पद मुख्य इंजीनियर से कम नहीं होगा।
- विधेयक के प्रावधानों की जानकारी देते हुए सुश्री भारती ने कहा कि जल विवादों के निर्णय के लिए कुल समयवधि अधिकतम साढ़े चार वर्ष तय की गई है। अधिकरण की पीठ का निर्णय अंतिम होगा और संबंधित राज्यों पर बाध्यकारी होगा।
- इसके निर्णयों को सरकारी राजपत्र में प्रकाशित करने की आवश्यकता नहीं होगी।
- सुश्री भारती ने कहा कि अंतर्राज्यीय नदी जल विवाद (संशोधन) विधेयक 2017 में अंतर्राज्यीय नदी जल विवादों के न्याय निर्णयन की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और वर्तमान कानूनी तथा संस्थागत संरचना को सुदृढ़ करने का विचार है।
- विधेयक में विवाद को अधिकरण को भेजने से पहले एक विवाद समाधान समिति के माध्यम से बातचीत द्वारा जल विवाद को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए एक तंत्र बनाने का भी प्रस्ताव है।
- यह तंत्र केन्द्र सरकार द्वारा स्थापित किया जाएगा जिसमें संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कृषि विज्ञान प्रोत्साहन पुरस्कार (2016)

वर्ष 2016 के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कृषि विज्ञान प्रोत्साहन पुरस्कार, कृषि उन्नति मेले- 2017 के उदघाटन समारोह में दिनांक 15 मार्च 2017 को सुबह 11 बजे भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, नई दिल्ली में दिये जाएंगे।

- वर्ष 2016, अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्मशताब्दी वर्ष है।
- भारत सरकार द्वारा इस अवसर पर एक पुरस्कार "पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कृषि विज्ञान प्रोत्साहन पुरस्कार" की स्थापना की गई है।
- पुरस्कार की कुल धनराशि रु 50.00 लाख है जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर रु 25.00 लाख का एक पुरस्कार एवं क्षेत्रीय स्तर के रु 2.25 लाख के 11 पुरस्कार प्रतिवर्ष दिये जाने का प्रावधान है।
- इस पुरस्कार के विजेताओं का निर्णय देश भर के समस्त कृषि विज्ञान केन्द्रों से प्राप्त नामांकनों के आधार पर चयन समिति द्वारा किया गया है।

राष्ट्रीय खबर

अब बचत खातों से पैसे निकालने की सीमा खत्म

अर्थनीति

भारतीय रिज़र्व बैंक ने देशवासियों को तोहफा दिया है। आज से सेविंग अकाउंट से मनचाहा कैश निकाल सकेंगे।

- यानी होली के दिन से सेविंग अकाउंट्स से कैश निकासी की सीमा को खत्म कर दी गई है।
- इसके अलावा आज से से ही नोटबंदी के बाद विभिन्न खातों से निकासी पर लगाई गई सभी प्रकार की सीमाएं भी समाप्त हो जाएंगी।
- अब तक सेविंग अकाउंट्स से हर सप्ताह अधिकतम 50 हजार रुपये ही निकाले जा सकते थे।
- नोटबंदी के बाद आरबीआई ने पर्याप्त मात्र में नए नोट बैंकों तथा एटीएम में पहुंचने से पहले नकद निकासी की सीमा तय कर दी थी।
- जैसे-जैसे नए नोटों की आपूर्ति और अर्थव्यवस्था में उनका प्रचलन बढ़ता जा रहा है, आरबीआई नकद निकासी पर लगी सीमाओं में ढील देता जा रहा है, जबकि 13 मार्च से इन्हें पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा।
- हालांकि इसके बावजूद बैंकों को अपनी ओर से एटीएम से पैसे निकालने की सीमा तय करने का अधिकार दिया गया है।
- आपको बता दें कि काले धन और नकली कैरेंसी को रोकने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल आठ नवंबर को रात आठ बजे 500 और 1000 के पुराने नोटों को चलन बंद कर दिया था।
- आरबीआइ ने बैंक शाखाओं और एटीएम से नकदी की निकासी पर कई तरह की शर्तें लगा दी थीं. हालांकि, नकदी की स्थिति सुधरने के साथ समय-समय पर इनमें से ज्यादातर को हटाया जाता रहा।

स्वास्थ्य संबंधी शीर्ष पद के लिए सीमा वर्मा के नाम को मंजूरी

व्यक्ति

अमेरिकी सेनेट ने ट्रंप प्रशासन में स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित एक शीर्ष पद के लिए भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक सीमा वर्मा के नाम को मंजूरी दे दी जिसके बाद वह ओबामाकेयर को 'निरस्त और रिप्लेस करने' के सरकार के प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

- सेनेट ने 43 के मुकाबले 55 वोट से वर्मा के नाम को मंजूरी दी।
- वाइट हाउस ने उन्हें 'निर्विवाद रूप से योग्य' बताया है।

- ऐसी संभावना है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के स्वास्थ्य देखभाल संबंधी सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।
- राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने पूर्ववर्ती बराक ओबामा की किफायती स्वास्थ्य देखभाल की नीति को निरस्त करने और उसकी जगह नई नीति लाने के काम को प्राथमिकता दी है।
- सीमा वर्मा ट्रंप प्रशासन में भारतीय मूल की दूसरी सदस्य हैं, जिनके नाम को सेनेट ने मंजूरी दी है।
- वर्मा 13 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाली एक खरब डॉलर की मेडिकेयर और मेडिकएड सेवाओं का नेतृत्व करेंगी।
- संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत निक्की हेली किसी भी राष्ट्रपति के प्रशासन में अपनी सेवा देने वाली भारतीय मूल की कैबिनेट रैंक की पहली अधिकारी हैं।

चौरसिया ने लगातार दूसरी बार इंडियन ओपन का खिताब जीता



एसएसपी चौरसिया आज यहां इंडिया ओपन टूर्नामेंट में खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने जब उन्होंने सात शाट से खिताब अपने नाम किया।

- तीसरे दिन के बाद स्पेन के कालर्ोस पिगेम और इंग्लैंड के एडी पेपेरेल के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे चौरसिया ने आज उस समय एकल बढ़त हासिल की जब कट हासिल करने वाले 69 गोल्फरों में से 42 ने तीसरे दौर का खेल पूरा किया।
- चौरसिया ने 291660 डालर की पुरस्कार राशि हासिल करने के बाद कहा, मैं काफी खुश हूं।
- चौरसिया ने अंतिम दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से कुल 10 अंडर 278 का स्कोर बनाया।
- चौरसिया तीसरे गोल्फर हैं जिन्होंने इंडियन ओपन में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया है।
- इससे पहले ज्योति रंधावा :2006, 2007: और जापान के केंजी होसोइशी :1967, 1968: में यह कारनामा कर चुके हैं।

खेल

अंतरिक्ष विज्ञान

नासा ने ढूंढ निकाला 8 साल से गुम भारत का पहला चंद्रयान



भारत के चंद्रमा मिशन पर भेजा गया अंतरिक्षयान 'चंद्रयान-1' अब भी चंद्रमा की परिक्रमा करता हुआ पाया गया जिसे लापता मान लिया गया था.

- नासा ने भूमि आधारित रेडार तकनीक का इस्तेमाल करते हुए इस अंतरिक्षयान का पता लगाया है.
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का चंद्रयान-1 के साथ 29 अगस्त, 2009 को संपर्क खत्म हो गया था.
- इसे 22 अक्तूबर, 2008 को प्रक्षेपित किया गया था.
- कैलीफोर्निया स्थित नासा के 'जेट प्रोपल्सन लैबोरेटरी' (जेपीएल) के वैज्ञानिकों ने इस अंतरिक्षयान का सफलतापूर्वक पता लगाया है.
- यह अंतरिक्षयान अब भी चंद्रमा की सतह से करीब 200 किलोमीटर उपर चक्कर लगा रहा है.
- जेपीएल में रेडार वैज्ञानिक मरीना ब्रोजोविक ने कहा, 'हम नासा के लूनर रिकोनाइसां ऑर्बिटर (एलआरओ) तथा इसरो के चंद्रयान-1 को चांद की कक्षा में पता लगाने में सफल रहे हैं.'
- उन्होंने कहा, 'एलआरओ का पता लगाना तुलनात्मक रूप से आसान था क्योंकि मिशन के नौवहकों और कक्षा के डाटा को लेकर काम कर रहे थे जहां यह स्थित था.
- भारत के चंद्रयान-1 का पता लगाने के लिए और अधिक काम करने की जरूरत है क्योंकि अंतरिक्षयान के साथ आखिरी संपर्क अगस्त, 2009 में हुआ था.'